>

Title: Need to start Rajiv Gandhi Vidyutikaran Yojana in Samastipur, Bihar-laid.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर) : महोदय, बिहार के समस्तीपुर जिले को भारी बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है जबकि जिले के अंदर एक औद्योगिक क्षेत्र, रेलवे डिवीजन एवं राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय अवस्थित है। बड़े कृषि बागबानी एवं फल उत्पादक क्षेत्र होने के नाते सिंचाई के लिए बिजली की अति आवश्यकता है। यूपीए सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी विद्युतीकरण मिशन के पांच वर्ष होने जा रहे हैं। मैंने पहले दो बार समस्तीपुर में इस योजना के शुभारंभ की मांग की है। इसके बावजूद आज तक इस योजना की शुरूआत समस्तीपुर में नहीं हुई, जिसकी जिम्मेवारी बिहार राज्य विद्युत बोर्ड की है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि जिले में पर्याप्त बिजली उपलबध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाया जाये एवं साथ ही राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना की शुरूआत शीघ्र करायी जाये।